nt>

Title: Need to provide compensation to the farmers whose crops have been affected due to drought particularly in Southern part of Haryana.

डॉ.(श्रीमती) सुधा यादव (महेन्द्रगढ) : उपाध्यक्ष महोदय, देश के कई प्रदेशों में अकाल एवं सूखे की मार झेल रहे किसानों के लिए केन्द्र सरकार द्वारा तुरन्त केन्द्रीय सहायता आबंटित की गई है, इससे किसानों को काफी राहत मिल रही है, लेकिन हरियाणा प्रदेश के दक्षिण भाग में जहां गम्भीर रूप से प्रदेश में सबसे अधिक सूखे की मार किसान झेल रहे हैं, किसानो को सूखे कारण के हुई क्षति के अनुपात में बहुत कम सहायता मिल रही है। हरियाणा के रिवाड़ी जिले में बहुत ही कम सहायता राशि जारी की गई है।

इसी प्रकार से जो किसान केवल बारिश के पानी पर निर्भर हैं और सिंचाई के लिए नहर या नलकूप की सुविधा नहीं है और पानी भूमि से काफी नीचे हैं, वहां के किसान भुखमरी के कगार पर हैं, क्योंकि वह लोग अपनी फसल बो ही नहीं पाए हैं और जिन किसानों ने अपनी फसल बो दी है, उन्हें भी कोई राहत नहीं मिली है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से आग्रह है कि देश के विभिन्न भागों विशोकर दक्षिण हरियाणा में दोनो प्राकर के सूख की मार झेल रहे किसानों को हुई क्षति का पुनः केन्द्रीय टीम से सर्वेक्षण कराया जाए और जिन किसानों ने सूखे के कारण अपनी फसल नही बोई है, उन्हें भी केन्द्रीय सहायता दी जाए।